रेलगाड़ियों में परोसे गए भोजन में मृत जीव का पाया जाना

402. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री राम गोपाल यादव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मार्च के अंतिम सप्ताह के दौरान अगस्त-क्रांति एक्सप्रेस के यात्रियों को परोसे गए भोजन में मृत जानवर/जीव पाए जाने की घटना की जांच कराकर कोई कार्यवाही की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख रेलगाड़ियों में ठेका-प्रणाली को समाप्त करने और भोजन-यान में खाना तैयार कराकर यात्रियों को उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) और (ख) जी हां। प्रयोगशाला परीक्षण के अनुसार भोजन में किसी मृत जीव के अंश की जानकारी मिली थी। यह निर्णय लिया गया है कि मौजूदा व्यवस्था को समाप्त किया जाए और भोजन की सप्लाई हेतु नया ठेका दिया जाए।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

अलाभकारी रेलमार्ग

403. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:**
श्री बरजिन्दर सिंह हमदर्द:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के अनेक रेल-मार्ग अलाभकारी हैं;

(ख) यदि हां, तो अलाभकारी रेलमार्गों की कुल संख्या क्या है और इन मार्गों पर रेलगाड़ियों के संचालन के कारण रेलवे को कितनी वार्षिक हानि उठानी पड़ती है; और

(ग) मार्च, 1998 तक रेलवे को इस मद में अब तक कुल कितनी हानि हो चुकी है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां।

(ख) और (ग) गैर लाभदायक रेल मार्गों की कुल संख्या वर्ष दर वर्ष भिन्न-भिन्न होती है और रेलों को इन मार्गों पर गाड़ी परिचालन से होने वाली वार्षिक हानि भी भिन्न-भिन्न होती है। वित्त वर्ष 1973-74, (वह वर्ष जब से आंकड़े उपलब्ध हैं) से 1996-97 तक रेलों को कुल 1992.14 करोड़ रुपए की हानि हुई। 1996-97 वर्ष में 120 अलाभप्रद मार्ग थे जिन पर 243.67 करोड़ रुपये की हानि हुई। बहरहाल, वर्ष 1997-98 में हुई हानि का पता चालू वित्त वर्ष के लेखे बंद होने के पश्चात् ही लग सकेगा।

Facilities around the New Delhi Railway Station

404. SHRI E. BALANANDAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that most of the facilities in and around the New Delhi Railway Station are crumbling and little effort is being made to make it a better place for the thousands of commuters who use it every day; and

(b) if so, what steps the Government have taken to improve the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI RAM NAIK): (a) No. Sir.

(b) Does not arise

Absence of passenger facilities at Vijayawada Railway Junction

405. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is awful shortage or absence of passenger facilities at Vijayawada Railway junction;

(b) whether it is also a fact that adequate over night staying facilities are absent;

(c) how Government purpose to met this requirement; and

(d) full details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI RAM NAIK): (a) Adequate passenger amenities are already available at Vijayawada Railway Station.

(b) 17 Retiring Rooms, 32 beds of non-AC